धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव

परासिया, देशबन्धु। शास. नवीन कन्या हाई स्कूल परासिया में प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चे शाला समय के अनुसार उपस्थित हुए। सभी बच्चों को तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बच्चों को पाठ्य पुस्तक के वितरण के साथ पेन, पेंसिल, रबर एवं अन्य सामग्री भी वितरित की गई।

इस अवसर पर बच्चों के लिये विशेष भोजन की भी व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम में नगर पालिका परासिया के सभापति नरेंद्र विश्वकर्मा, सुषमा चौरसिया एवं बच्चों के पालकगण विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों एवं पालकों का भी स्वागत तिलक लगाकर पुष्पवर्षा कर किया गया।

शाला के शिक्षक निशा चौहान, संध्या मालवी, बीना मंडलोई, पूनम गौर, अनुमेहा डेविड, लक्ष्मी परतेती, मीना यादव, सत्यनारायण मिश्रा उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य कैलाश नारायण गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

छात्रों को वितरित निःशुल्क पुस्तकें

जुन्नारदेव, देशबन्धु। शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक का वितरण किया गया एवं मेघावी छात्र-छात्राओं को स्कूटी एवं लैपटॉप का वितरण किया गया।

आज से नया सत्र प्रारंभ हुआ इससे मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सम्मानित करने से आने वाले वर्ष और छात्र-छात्राओं का हौसला अफजाई होगा और लैपटॉप और स्कूटी प्राप्त करने के लिए पढ़ाई में प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी प्रमोद बंदेवार पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष शरद कुरुलिया राजेद्र सूर्यवंशी प्राचार्य सी एस दीक्षित प्रधान पाठक संजीव पांडे वरिष्ठ शिक्षिका वर्षा बंदेवार शिक्षक मनोज शर्मा उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन अनुरोध शर्मा द्वारा किया गया।

कलेक्टर ने प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं सीइओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार- प्रसार के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह चलित रथ जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर विभागीय योजनाओं की जनहितैषी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर अंजली शाह, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती अंजना त्रिपाठी, अन्य अधिकारी- कर्मचारी और विभागीय अमला मौजूद था।



चूड़ियों से हुआ मां का श्रृंगार

गोटेगांव, देशबन्धु। विगत दिवस बासंतेय नवरात्रि की तृतीया तिथि पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी महाराजा श्री की तपोस्थली श्री वनम परमहंसी गंगा सिद्ध क्षेत्र में ऊंचे पर्वत पर विराजमान जगद जननी ललितांबा मैया त्रिपुर सुंदरी जी का सुहाग का प्रतीक रंग बिरंगी चूड़ियों से अद्भुत श्रृंगार किया गया।जिसे देखने के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है।

सार-समाचार

निःशुल्क समर कैंप प्रारंभ

रामाकोना, देशबन्धु। नगर के वार्ड क्रमांक 17 दुर्गा कॉलोनी में स्थित स्वर्गीय रामभाऊ जी खंडाईत शिक्षण समिति रामाकोना द्वारा संचालित गुरूकुल विद्या निकेतन हाई स्कूल में मंगलवार 1 अप्रेल से निःशुल्क समर केम्प का शुभारंभ हो चुका है। समर कैम्प का शुभारंभ शाला के संचालक सदाशिव खंडाईत द्वारा सरस्वती माता के छाया चित्र का पूजन एवम दिप प्रज्वलित कर किया गया। समर केम्प के पहले दिन सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दी पहले दिन छात्र छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु कराते सिखाये गए । शाला की प्राचार्या लक्ष्मी खंडाईत ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 1 अप्रेल यह समर कैम्प मस्ती की पाठ शाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को उनके मनपसंदीदा ड्राइंग, आर्ट, क्राप्ट, कराते, सिंगिंग, डांसिंग, योगा, प्राणायाम, एक्टिंग, ड्रामा, कैम्पिंग, ट्रेजर हंट, मैथ्स मैजिक्स, इंग्लिश स्पोकन, अनुभवी शिक्षकों द्वारा सिखाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये कैम्प केजी 1 से कक्षा 10 वी तक किसी भी स्कूलों के बच्चों के लिए पूर्णतः निःशुल्क है। कोई भी छात्र छात्रा इसे जॉइन कर सकता है।

सालाना 68वां उर्स 25 अप्रैल को

हटा, देशबन्धु। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हजरत मलंग शाह वली औलिया रहमतुल्ला अलेह किले वाले बाबा साहब बस स्टैंड का सालाना 68वॉ उर्स 25 अप्रैल को मनाए जाने हेतु बैठक दरगाह प्रांगण में रखी गई जिसमें निर्णय लिया गया कि उर्स में हिंदुस्तान की मशहूर फनकार नौशाद अली मुंबई महाराष्ट्र कव्वाल एवं मोहतरमा गुलनाज साबरी आगरा उत्तर प्रदेश कब्बाला के बीच जंगी मुकाबला होगा। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष आदित्यवर्धन से हजारी, राजेश पटेरिया, रशीद अहमद सिद्दीकी, छोटू मिस्त्री, साधु पठान, बाबा बैजनाथ, मोटू मिस्त्री अज्जू हसन, विनोद गुप्ता, फारूक बाबा, सलीम सेठ, मुबीन पठान, भूरे मिस्त्री हाफिज कावड़ी, मुस्ताक खान, जावेद मासाब, शोभा सुभाष चौरसिया, अमजद खान सहित सैकड़ों कमेटी के सदस्य मौजूद रहे उर्स 25 अप्रैल को संपन्न होगा।

बर्धा और मड़ियादो में जनसुनवाई

दमोह, देशबन्धु। कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देश और जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे के निर्देशन में मंगलवार को हटा ब्लाक की ग्राम पंचायत बर्धा और ग्राम पंचायत मड़ियादो में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। दोनों ही ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी, राजस्व, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य खाद्य आदि विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी में सुबह 11 बजे से ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई । कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

सबसे बड़ा धर्म है क्षमा : संजीव

तेंदूखेड़ा, देशबन्धु। जैन मंदिर प्रांगण तेंदूखेडा में डॉ प्रकाश जैन डॉ श्रीमती किरणप्रभा, डॉ अभिनव जैन डॉ अनामिका, डॉ अतिशय, डॉ आकांक्षा, सेठ, राकेश, श्रीमती सुनीता, बरिया बाला परिवार तेंदूखेडा द्वारा विगत 29 मार्च से 5 अप्रैल तक श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ विधानाचार्य यज्ञाचार्य ब्रम्हचारी संजीव भैया, नगर गौरव ब्रम्हचारी मनीष भैया, पंडित कमल कुमार शास्त्री, पंडित मयंक के निर्देशन में पूरी श्रद्धा, भक्ति उत्साह एवं धार्मिक प्रभावना के साथ चल रहा है। सकल दिगंबर जैन समाज इसमें बढ चढ कर अपनी सहभागिता देकर पुण्यार्जन कर रही है , वही चैत्र नवरात्र का महान पर्व भी चल रहा है जिसमें धार्मिक श्रद्धालुजन व्रत, उपवास के माध्यम से शक्ति आराधना कर रहे हैं।

श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ आयोजित

सम्पूर्ण नगर में अद्वितीय धार्मिक वातावरण वना हुआ है। विधान के चतुर्थ दिवस विक्रिया , औषधि, बुद्धि, रस, चारण अक्षीण आदि चौसठ प्रकार की ऋद्धियों को धारण करने वाले ऋषियों को अर्घ्य समर्पित किये गये।वही विधान के बीच ज्ञान की गंगा भी अनवरत रुप से प्रवाहित हो रही है जिसके माध्यम से श्रद्धालु अपने जीवन को अच्छा वनाने के लिये एक नई दिशा एवं ऊर्जा प्राप्त कर रहे हैं। ब्रम्हचारी संजीव भैया ने बडी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुये कहा कि जिसने जन्म लिया है उसको एक न एक दिन मृत्यु का भी वरण करना है यह ध्रुव सत्य है । इस सत्य को हमेशा याद रखना चाहिए। हमारे धर्मशास्त्र एक अच्छा जीवन जीने की कल तो सिखाते ही हैं परंतु सबसे बड़ी बात यह है कि वे हमें अच्छे मरण समाधि मरण की भी कला सिखाते हैं। शास्त्र कहता है कि यदि तुम संत नहीं बन सकते हो तो एक अच्छे गृहस्थ एक अच्छे श्रावक बन जाओ। अच्छा ग्रस्थ बनने का मतलब यह है कि जुआ, शराब ,मांस सेवन, पर स्त्री ,वेश्या गमन आदि दुर्व्यसनों से दूर रहो। देव पूजा ,गुरु उपासना ,स्वाध्याय, संयम, तप, दान आदि दैनिक आवश्यक को प्रतिदिन करते रहो। एक अच्छे बेटे, एक अच्छे भाई, एक अच्छे पति, एक अच्छे पिता बन जाओ तो तुम्हारा जीवन संवर जाएगा।

वैनगंगा नदी किनारे से शराब दुकान हटाई

छपारा, देशबन्धु । 1 अप्रैल से जहां मध्यप्रदेश में नई आबकारी नीति लागू हुई उज्जैन सहित धार्मिक महत्व के 19 शहरों पर शराब बंदी कर दिया गया है तो वहीं नगर के बैंनगंगा नदी पुल घाट एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर गोल्डन टेम्पल परिसर के समीप स्थित नगर में संचालित शराब दुकान को 1 अप्रैल से वहां से हटाकर नगर के आखिरी छोर लालमाटी में स्थान परिवर्तन कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि उक्त शराब दुकान को वहां हटाए जाने को लेकर विगत कई वर्षों से नगर वासियों द्वारा वहां से हटाने को प्रशासन से मांग की जा रही थी परन्तु साल दर साल नया ठेका होता रहा पर नगरवासियों के धरना-प्रदर्शनों एवं आंदोलन जैसे विरोध के बाबजूद शराब दुकान वहीं संचालित होती रही और नगर के धार्मिक आस्था से जुड़े स्थल पर शराब दुकान को हटाने की मंशा पर पानी फिरता रहा परंतु सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा प्रयास किया गया और छपारा नगर वासियों की जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उक्त शराब दुकान को हटाने जैसा जटिल कार्य संभव हो पाया जिसे लेकर नगरवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया गया है।

सैल्फी पाइंट, गार्डन एवं ओपन जीम के साथ सौंदर्यीकरण किया जाए - रिक्त हुए स्थान को लेकर नगरवासियों ने छपारा नगर परिषद से सौंदर्यीकरण कर वहां किसी भी प्रकार से व्यवसायिक कार्यों के उपयोग में नहीं लिए जाने एवं उक्त स्थान पर सड़क के दोनों ओर सेल्फी पाइंट, गार्डन एवं ओपन जीम के रूप में परिवर्तित किए जाने की मांग की जा रही है।

केवलारी में शराब दुकान को हटाने किया धरना-प्रदर्शन

दमोह, देशबन्धु। केवलारी गांव में शराब दुकान के विरोध में ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह से टेंट लगाकर धरना शुरू कर दिया। धरने में महिलाएं भी शामिल हुईं। शराब दुकान का विरोध करते हुए धार्मिक भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। ग्रामीणों का कहना है कि शराब दुकान के सामने असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। शराबी गांव की महिलाओं और बेटियों को परेशान करते हैं। पहले भी उन्होंने प्रशासन को दुकान न खोलने का ज्ञापन दिया था। अबकी बार वह नहीं चाहते कि यहां शराब की दुकान खुले पथरिया नायब तहसीलदार दीपमाला सिंह मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों का ज्ञापन जिला मुख्यालय भेजा जा चुका है। आबकारी विभाग के अधिकारी अनुराग सिंह ने सरपंच को तीन दिन में दुकान गांव से दूर खोलने का आश्वासन दे दिया है तब जाकर धरना समाप्त हुआ।

अश्लील हरकत करने वाले चिकित्सक की धुनाई

पिपलानारायणवार, देशबन्धु । इस कलियुग में कुछ भी संभव है, हमारी सनातन संस्कृति चिकित्सक को भगवान का दर्जा देती है लेकिन वहीं चिकित्सक उपचार के बहाने अश्लील हरकत करे तो उसे क्या कहेंगे। ऐसा ही उदाहरण नगर में रविवार को देखने को मिला। नगर में अवैधानिक रूप से संचालित क्लिनिक के झोलाछाप चिकित्सक की फजीहत हो गई।

एक महिला उपचार करने पंहुची तो चिकित्सक द्वारा उसें चेकअप के बहाने से छेड़छाड़ की। जब चिकित्सक की हरकते बढ़ी तो महिला वहां से भाग निकली और क्लिनिक परिसर के लोगों को बताने लगी। महिला की मदद के लिये लोगों ने चिकित्सक की इस हरकत पर उसकी धुनाई कर दी।

बताया जाता है कि, महिला द्वारा बदनामी के भय से पुलिस में रिपोर्ट नही की है किंतु चिकित्सक की इस हरकत की सभी तरफ निंदा हो रही है। उल्लेखनीय हो कि, उक्त चिकित्सक इसके पूर्व भी इसतरह की हरकतें अन्य मरीजों के साथ कर चुका है, बताया जा रहा है की चिकित्सक फरार हैं।

आज निषादराज जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा, घर-घर दिया निमंत्रण

दमोह, देशबन्धु। जिला रैकवार माझी समाज दमोह के द्वारा प्रभु श्री राम के सखा रैकवार माझी समाज के आराध्य देव भगवान निषादराज महाराज जी की जयंती पर नवरात्रि की पंचमी पर आज 2 अप्रैल 2को विशाल शोभायात्रा शाम 4 बजे महाराणा प्रताप स्कूल के मैदान से निकाली जाएगी।

निषादराज जयंती पर आयोजित भव्य शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र प्रभु श्रीराम लक्ष्मण, राधा कृष्ण, निषादराज महाराज की झांकी और डिमरयाई नृत्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी। निषादराज जयंती पर भव्य शोभायात्रा महाराणा प्रताप स्कूल से प्रारंभ होकर पुराना थाना,मोहन टॉकीज, बकौली सांई मंदिर, घंटाघर, एवरेस्ट लॉज, राय तिराहा, स्टेशन चौराहा,बस स्टैंड चौराहा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक चौराहा, अस्पताल चौराहा से भाजपा कार्यालय कीर्ति स्तंभ से, डाक्टर हाऊस के सामने से वापिस निषादराज महाराज की शोभायात्रा महाराणा प्रताप स्कूल पहुंचेगी जहां पर प्रसाद वितरण कर यात्रा का समापन किया जाएगा।

निषादराज महाराज की जयंती पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल होने के लिए रैकवार माझी समाज के घरों में पीले चावल देकर निषादराज महाराज जी की जयंती में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया। जिला रैकवार माझी समाज दमोह ने समस्त जिले वासियों से भव्य शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

दैनिक राशिफल

बुधवार 02 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र शुक्ल पक्ष की पंचमी नक्षत्र-कृतिका।

मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफ़लता देर से मिलेगी।

वृषभ
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

मिथुन
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।
क- 460-356

कर्क
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

सिंह
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

कन्या
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

तुला
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

वृश्चिक
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

धनु
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

मकर
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

कुंभ
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

मीन
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।
म. 126-289

1,3,5,6,10,31,57,62,26,30,55,60

विशाल चुनरी पदयात्रा का स्वागत

चौरई, देशबन्धु। बिछुआ के बंजारी माता मंदिर से विगत 30 मार्च से प्रारंभ विशाल चुनरी पदयात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। आगामी 5 अप्रैल को षष्ठी माता मंदिर कपुर्दा में पदयात्रा का समापन होगा। जन अधिकारी सेवा समीति के अध्यक्ष संदीप रघुवंशी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विगत 30 मार्च 2025 से 5 अप्रैल तक चैत्र नवरात्र पर्व पर विशाल चुनरी पदयात्रा निकाली गयी। चुनरी यात्रा प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक निकाली जा रही हैं,

पदयात्रा विगत 30 मार्च को बंजारी माई, मुंगनापार, जैतपुर, सोनपुर एवं धनेगांव पहुंची, द्वितीय दिवस 31 मार्च को धनेगावं से पलासपानी, सागौनवान, देवरी सांवरी, खमारपानी पहुंची पदयात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्र के मातारानी के भक्त भी शामिल हुए, चुनरी यात्रा तीसरे दिन 1 अप्रैल को खमारपानी से देनी,कड़ेय्या, डोंगर गांव, महुआ मोड़, सुरंगी, डोकलिकला, सामरबोह, होकर बिछुआ पहुंची, आज 2 अप्रैल को उल्हावाड़ी, जमुनिया, खमरा, दिलावर, मोहगांव, गुमगांव, खापाबिहारी, चांद माता मंदिर पहुंचेगी। यहां चुनरी पदयात्रा के दौरान भंडारा भी होगा। बिछुआ में गोलू नागरे, शैलू चोपडे, रामचंद्र बोबडे, रघुराज पटेल,, विजेंद्र ठाकुर, प्रियवर ठाकुर, शिव चौरासिया, राम सिंह शेरपापड़ा चांद में पदयात्रा में लखन वर्मा, नगरपरिषद के अध्यक्ष दानसिंह पटेल, डॉ विजेंद्र ठाकुर, बबलू पटेल, बंटी पटेल शामिल हैं ।

श्री रघुवंशी ने बताया कि 3 अप्रैल को पदयात्रा चांद से होते हुए चंदनगांव, बादगांव, पोनिया, आमगांव, पंचगांव, बर्रा लोनीकला पहुंचेगी वहीं पदयात्रा षष्ठम दिवस 4 अप्रैल को लोनीकला से पांजरा, राजलवाड़ी, खूंटपिपरिया, आमाझिरी से चौरई शहर पहुंचेगी जहां यात्रा में पूर्व विधायक रमेश दुबे सहित अन्य भाजपा नेता नगर की जनता शामिल होंगे, 5 अप्रैल को यात्रा पष्टी माता मंदिर पहुंचेगी जहां दुर्गाष्टमी हवन पूजन, भण्डारा फलाहार और यात्रा का भव्य समापन होगा।

हिवरासानी जलाशय में साफ-सफाई कर किया गहरीकरण, जल संरक्षण का लिया संकल्प

अमरवाड़ा, देशबन्धु। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ मोहन यादव के आव्हान पर एवं जिले के कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देशन में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन विकासखंड समन्वयक वंदना राकेसिया के नेतृत्व में विकासखंड के हिवरासानी जलाशय में साफ-सफाई कर गहरीकरण का कार्य किया गया।

गहरीकरण के बाद यहां पानी और लम्बे समय तक उपलब्ध रहेगा। इसका फायदा क्षेत्र के निवासियों को मिलेगा। अंत में जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। आज के इस कार्य में परामर्शदाता राजेश तिवारी, प्रवीण सक्सेना, एडवोकेट अंशुल जैन भुवनेश्वर सूर्यवंशी, भारती सूर्यवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एम. एस. डब्ल्यू. एवं बीएसडब्ल्यू के सभी छात्र एवं ग्राम के सरपंच सचिव नवांकुर संस्था प्रस्फुटन समिति का विशेष सहयोग रहा।